शक्ति रूपिणी

शक्ति रूपिणी,
मां खड़ग धारिणी,
तेरी सवारी वनराज,
मेरे पूर्ण कीजो काज़,
रखियो मेरी लाज़,
मेरे पूर्ण कीजो काज़....

कालिका रूपिणी,
मां खप्पर धारिणी,
तेरा एक छत्र है राज़,
मेरे पूर्ण कीजो काज़,
रखियो मेरी लाज़,
मेरे पूर्ण कीजो काज़....

लक्ष्मी रूपिणी,
मां पद्म धारिणी,
तेरे शीश स्वर्ण ताज़,
मेरे पूर्ण कीजो काज़,
रखियो मेरी लाज़,
मेरे पूर्ण कीजो काज़....

शारदा रूपिणी,
मां विद्धा दायनी,
तेरे हाथों वीणा साज़,
मेरे पूर्ण कीजो काज़,
रखियो मेरी लाज़,
मेरे पूर्ण कीजो काज़.....

मैया भव तारिणी,
सर्व दुःख हारिणी,
राजीव के पूर्ण कीजो काज़,
रखियो मेरी लाज़,
मेरे पूर्ण कीजो काज़.....

जगत कल्याणी,
मां दुर्गा भवानी,
तुझे पूजे सकल समाज,
सबके पूर्ण कीजो काज़,
रखियो सबकी लाज़,
सबके पूर्ण कीजो काज़,
मैया जी सबके,
पूर्ण कीजो काज़.....

© राजीव त्यागी नजफगढ़

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/29751/title/shakti-rupini

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |